# नियत कार्य

बी.एड. कार्यक्रम

शिक्षा विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

द्वितीय वर्ष

(2025–2026)

**नियत कार्य**
**बी.एड. द्वितीय वर्ष**
**(2025–2026)**

**बी.ई.एस.–126 ज्ञान एवं पाठ्यचर्या**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. पाठ्यचर्या मूल्यांकन के विविध स्रोतों की व्याख्या कीजिए। पाठ्यचर्या मूल्यांकन की किसी एक विधि का सविस्तार प्रतिपादन कीजिए।

2. अपने कक्षाकक्ष में एक नेता के रूप में एक शिक्षक किस प्रकार कार्य कर सकता है? व्याख्या कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त उदाहरणों द्वारा कीजिए।

3. अपने कक्षाकक्षों में ज्ञान–सृजन को बढ़ावा दे सकने वाली रणनीतियाँ सुझाइये।

**बी.ई.एस.–127 अधिगम के लिए आकलन**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. रचनात्मक एवं संकलनात्मक मूल्यांकन की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अन्तर स्पष्ट कीजिए।

2. विद्यालय संव्यवहारों के लिए आप किस प्रकार के मूल्यांकन को सर्वाधिक लाभदायक मानते हैं? अपने विचारों को न्यायोचित ठहराइये।

3. विश्वसनीयता की अवधारणा और विधियों की व्याख्या कीजिए। एक परीक्षण की विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाले कारकों की परिचर्चा कीजिए।

**बी.ई.एस.–128 एक समावेशी विद्यालय का निर्माण**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. विविधता और समावेशन से आप क्या समझते हैं? विस्तार से चर्चा कीजिए।

2. एक समावेशी कक्षाकक्ष में विविध शिक्षण–अधिगम रणनीतियों की परिचर्चा कीजिए।

3. समावेशी विद्यालयों के निर्माण के लिए एक छात्राध्यापक के रूप में आप संसाधनों का संग्रहण किस प्रकार करेंगे?

**बी.ई.एस.–129 जेंडर, विद्यालय और समाज**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. विविध आधारभूत जेंडर अवधारणाओं की विस्तार से परिचर्चा कीजिए।

2. कक्षाकक्ष में एक जेंडर संवेदनशील शिक्षण–अधिगम वातावरण का निर्माण करने के लिए विविध उपागमों की परिचर्चा कीजिए।

3. एक छात्र अध्यापक के रूप में आप कक्षाकक्ष में जेंडर समानता को किस प्रकार बढ़ावा देंगे?

**बी.ई.एस.ई.–131 मुक्त और दूरस्थ शिक्षा**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. शिक्षा के लोकतंत्रीकरण में मुक्त और दूरस्थ शिक्षा की भूमिका की परिचर्चा कीजिए।

2. मुक्त और दूरस्थ शिक्षा संस्थानों की विभिन्न उप–पद्धतियों का वर्णन कीजिए।

3. आप स्व–निर्देशनात्मक सामग्रियों (सेल्फ इन्स्ट्रक्शनल मैटीरियल्स) का डिजाइन किस प्रकार करते हैं? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा व्याख्या कीजिए।

**बी.ई.एस.ई.–132 मार्गदर्शन और परामर्श**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. विद्यालयों में समूह–मार्गदर्शन के महत्व की व्याख्या कीजिए। तीन करियर शीर्षकों का चयन कीजिए और अपने विद्यालय में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को संबोधित करने के लिए एक करियर–वार्ता तैयार कीजिए।

2. करियर विकल्पों (करियर–च्वायसेज) के निर्माण में बालिकाओं द्वारा सामना की जा रही प्रमुख कठिनाइयों की परिचर्चा कीजिए। इन कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने में शिक्षक किस प्रकार उनकी सहायता कर सकते हैं?

3. मानसिक व्याधि (मेन्टल इलनेस) के प्रभाव की व्याख्या कीजिए। शिक्षक अपने शिक्षार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार उन्नत कर सकते हैं?

**बी.ई.एस.ई.–133 किशोरावस्था और परिवार शिक्षा**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. किशोरावस्था शिक्षा में नैतिक मुद्‌दों (इथिकल इशूज) की परिचर्चा कीजिए। किशोरों के नैतिक मुद्‌दों के प्रबन्धन में शिक्षकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

2. 'यौन स्वास्थ्य' (सेक्सुअल हेल्थ) और 'यौन संचारित संक्रमणों' (सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इन्फेक्शन्स–एस.टी. आई.) को परिभाषित कीजिए। यौन संचारित संक्रमणों और उनके लक्षणों का वर्णन कीजिए।

3.'परामर्शन'(काउंसेलिंग) से आप क्या समझते हैं? एक परामर्शदाता के लिए आवश्यक परामर्शन कौशलों की परिचर्चा कीजिए।

**बी.ई.एस.ई.–135 सूचना और संचार प्रौद्योगिकी**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. मुक्त शैक्षिक संसाधनों (ओ.ई.आर.) के अर्थ और विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। आप ओ.ई.आर को किस प्रकार सृजित/निर्मित और आदान–प्रदान कर सकते हैं? एक उदाहरण की सहायता से परिचर्चा कीजिए।

2. अधिगम के रचनावादी सिद्धान्त का क्या अर्थ है? शिक्षा में आई.सी.टी. के प्रयोग के लिए इसके निहितार्थों की परिचर्चा कीजिए।

3. समावेशी कक्षाकक्ष में आई.सी.टी. की भूमिका की व्याख्या कीजिए। समावेशी कक्षाकक्ष में शिक्षण में प्रयोग की जा सकने वाली प्रौद्योगिकियों का वर्णन कीजिए।